Series : ABCD3/1

SET – 3

प्रश्न-पत्र कोड **2/1/3**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 7 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । *

हिन्दी (आधार)

HINDI (Core)

निर्धारित समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 40*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खंड हैं । **खंड-क** और **खंड-ख** ।*

(iii) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **07** प्रश्न पूछे गए हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

(iv) *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।*

खंड – क

(कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन) (20)

1. निम्नलिखित दिए गए तीन शीर्षकों में से **किसी एक** शीर्षक का चयन कर लगभग **150-200** शब्दों का एक रचनात्मक लेख लिखिए : **1 × 5 = 5**

- कोविड टीकाकरण केंद्र का दृश्य
- जीवन में प्रतिस्पर्धा की भूमिका
- स्कूल के बाहर स्टेशनरी की दुकान

2. (a) आप जिस कॉलोनी में रहते हैं उसमें स्थित पार्क बहुत ही जर्जर अवस्था में है । पेड़-पौधे और घास अव्यवस्थित है । नगर-निगम अधिकारी को पार्क की व्यवस्था और रख-रखाव के लिए पत्र लिखिए । **5**

*

अथवा

(b) सरकार द्वारा किए गए लिंग-अनुपात सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ है कि देश में लड़कियों के जन्म प्रतिशत दर में गत वर्षों की तुलना में वृद्धि हुई है । लड़कियों की बढ़ती संख्या पर संतोष प्रकट करते हुए किसी दैनिक हिंदी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए । **5**

3. (i) (a) कहानी और नाटक के समान तत्त्वों का उल्लेख करते हुए बताइए कि दोनों में क्या अंतर हैं ? **3**

अथवा

(b) कहानी का नाट्य रूपांतरण करते समय दृश्य विभाजन किन आधारों पर किया जाता है ? **3**

(ii) (a) रेडियो नाटक के लेखन तथा सिनेमा और रंगमंच के लेखन में क्या अंतर है ? रेडियो नाटक के लेखन में संप्रेषण कैसे होता है ? **2**

अथवा

(b) रेडियो नाटक लेखन हेतु कहानी का चयन करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? **2**

4. (i) (a) पत्रकारीय लेखन साहित्यिक लेखन से किस प्रकार भिन्न है ? स्पष्ट कीजिए । **3**

अथवा

(b) समाचार लेखन की उलटा-पिरामिड शैली की विशेषता का उल्लेख कीजिए । **3**

(ii) (a) एक सफल साक्षात्कार के लिए साक्षात्कारकर्ता में किन गुणों का होना आवश्यक है ? **2**

अथवा

(b) स्तंभ लेखन किसे कहते हैं ? समझाइए । **2**

खंड – ख

(पाठ्य–पुस्तक और अनुपूरक पाठ्य–पुस्तक) (20)

5. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : (2 × 3 = 6)

(i) 'उषा' कविता में कवि ने प्रात:कालीन प्रकृति का मनोहारी चित्रण किया है । कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए । 3

(ii) 'लक्ष्मण-मूर्च्छा और राम का विलाप' पाठ में आए "जैहऊँ अवध कवन मुँहु लाई" काव्यांश के आधार पर बताइए कि अवध लौटने में राम को क्यों संकोच हो रहा था ? 3

(iii) 'रुबाइयाँ' कविता के आधार पर बालक की हठ और माँ द्वारा बच्चे को बहलाने की कोशिश का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । 3

6. निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : (3 × 3 = 9)

(i) 'लुट्टन पहलवान द्वारा रात्रि में बजायी जाने वाली ढोलक महामारी से जूझ रहे लोगों को लड़ने का हौसला कैसे देती थी' ? 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । 3

(ii) "सीमाएँ बँट जाने से दिल नहीं बँट सकते" कथन को 'नमक' कहानी के साक्ष्यों के आधार पर सिद्ध कीजिए । 3

(iii) 'मेरी कल्पना का आदर्श समाज' के आधार पर बताइए कि लोकतंत्र का वास्तविक स्वरूप किसे कहा गया है । 3

(iv) श्रम और श्रमिक विभाजन का बुनियादी अंतर 'श्रम-विभाजन और जाति-प्रथा' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । 3

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (3 + 2 = 5)

(i) (a) "टूटे-फूटे खंडहर, सभ्यता और संस्कृति के इतिहास के साथ-साथ धड़कती ज़िंदगी के अनछुए समयों का भी दस्तावेज होते हैं ।" इस कथन की समीक्षा 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर कीजिए । 3

अथवा

(b) 'ऐन फ्रैंक की डायरी' एक ऐतिहासिक दौर का जीवंत दस्तावेज है । इस कथन पर अपने विचार प्रकट कीजिए । 3

(ii) (a) पुरातत्त्व के किन चिह्नों के आधार पर आप यह कह सकते हैं कि – "सिंधु सभ्यता ताकत से शासित होने की अपेक्षा समझ से अनुशासित सभ्यता थी ।" 2

अथवा

(b) 'डायरी के पन्ने' पाठ में औरतों को वीर सिपाहियों से अधिक मजबूत और बहादुर क्यों कहा गया है ? 2

*